# हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 12 जुलाई 2024

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



10 बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर युवक कांग्रेस ने कलेक्टर...





12 शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत...




## खबर संक्षेप



### अब दाह संस्कार के लिए मुफ्त में मिलेगी लकड़ी

**चारामा।** भानुप्रतापपुर विधायक सावित्री मांडवी के जन्म दिवस पर चारमा नगर वासियों को दाह संस्कार के लिए निःशुल्क लकड़ी प्रदाय करने की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। उक्त कार्य के लिए नगरवासियों को भटकना पड़ता था और अक्षम लोग नहीं खरीद पाते थे। इसके पूर्व भी पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भुनेश्वर नागराज ने अपने 10 वर्षों के कार्यकाल में निःशुल्क लकड़ी प्रदाय किया था। उक्त लकड़ी मुक्तिधाम मार्ग में नागराज भवन के पास उपलब्ध करा दी गई है।

### विश्व जनसंख्या दिवस पर नर्सिंग छात्रों ने दिया संदेश

**कांकेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज में विधिक जागरूकता शिविर का शेष पेज 10 पर

**दुष्परिणाम :** आठ लाख की इनामी महिला नक्सली का शव लेने पहुंचे परिजनों ने बताया

# कन्या आश्रम में पढ़ते-पढ़ते हुई गायब सालों बाद नक्सली बनकर लौटी थी घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

- नक्सलियों से भयभीत परिजन बार बार नई कहानी गढ़ते हैं
- न्यूज ग्रुप से जानकारी मिली की रीता कड़ियाम मुठभेड़ में मारी गई

दो दिन पहले हुई नक्सली मुठभेड़ में मृतक आठ लाख की ईनामी महिला नक्सली के शव को लेने के लिए पहुँचे परिजन वास्तव में नक्सली कैसे बन गए, इस पर सही बात बताने के लिए इसलिए डरते है कि नक्सली उनको भी मार देंगे। नक्सलियों के भय के चलते सही बात बताने के लिए मृतक नक्सली के परिजन डरते है और बार बार कोई नई कहानी गढ़ देते है। मृतक नक्सली के परिजन हर दूसरे आदमी को नई कहानी बताते है।

मनकेली में रहने वाले डूमा कड़ियाम और लखमी कड़ियाम अपने बेटे, बेटी और पड़ोस में रहने वाले चाचा व चाची के साथ रीता कड़ियाम के शव को लेने 11 जुलाई को कांकेर पहुँचे थे। कांकेर पुलिस शव लेने पहुँचे सभी सदस्यों से बात किया और उनके बयान को दर्ज किया, इनमें केवल बेटे व बेटी ही हिंदी समझते थे, शेष गोंडी बोलते थे और गोंडी ही समझते थे। इनको नहीं पता था कि उनकी बेटी पर आठ लाख का ईनाम घोषित था। मृतक नक्सली के भाई आयतू मड़ियाम ने बताया कि मेरी बड़ी बहन जब नक्सलियों के पास चली गई थी, तब मैं पैदा भी नहीं हुआ था। मेरा जन्म 2006 में हुआ था और मेरे माँ, पिता और शेष पेज 10 पर




बिनागुंडा इलाके में नक्सलियों और फोर्स की मुठभेड़, एक महिला नक्सली का मिला शव

### रीता दो दिन के लिए 2019 में आई थी

परिजनों ने बताया कि रीता 2019 में दो दिन के लिए मनकेली आई थी और माँ ने उसे बहुत चिल्लाया और कहा कि छोड़कर आ जाओं और घर में रहो। उसने माँ की बात सुनी, परंतु कोई जवाब नहीं दिया। उन्होने बताया कि उसके द्वारा आज तक कोई मदद भी नहीं किया। दो दिन बाद बिना बताएं फिर से चली गई, उस दिन मेरी बात मान जाती तो आज मेरे पास होती, मौत नहीं होती।

### मिर्ची तोड़ने जाते है तेलांगाना

मृतक नक्सली के परिजनों ने बताया कि तीन माह के लिए तेलंगाना मिर्ची तोड़ने के लिए जाते है, क्योकि मिर्ची तोड़ने में मजदूरी ज्यादा मिलती है। मनकेली और आसपास के गांव का गांव मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना जाते है। मजदूरी जो मिलती है, उसी से एंड्राएड मोबाईल खरीदे है, गेम भी खेलते है और मूवी भी देखते है। मोबाईल से समय कट जाता है। उसका कहना था कि गांव के गरीब से गरीब के पास एंड्राएड मोबाईल है। गांव में अब जीवन जीने का यही माध्यम हो गया है।

### समाचार देखकर मिली जानकारी

मेरी बहन न्यूज के कई ग्रुप में जुड़ी है और उसी में जानकारी मिली कि रीता कड़ियाम मुठभेड़ में मारी गई है। फोटो देखकर माँ और पिता पहचान गए। हम लोगों ने शव को पाने के लिए बीजापुर पुलिस से संपर्क किया और उनकी मदद से कांकेर आएं। पुलिस ने बयान दर्ज कर शव को हम लोगों को सौप दिया। शव का अंतिम संस्कार गांव में ही करने की बात बताई।

### माँ और पिता थे गमगीन

माँ और पिता बात जरूर कर रहे थे, परंतु उनके चेहरा गमगीन था। हरिभूमि से बात करते हुए कहा कि 2019 में मेरी बात मान जाती तो आज का यह दिन देखने को नहीं मिला, परंतु मेरी बेटी ऐसी फंसी कि वो फिर से नक्सलियों के साथ चली गई और यह घटना हो गई।

# एलबी संवर्ग शिक्षकों की अंतरिम वरिष्ठता सूची में व्यापक गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चारामा



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने सौंपा संयुक्त संचालक बस्तर को ज्ञापन

एलबी संवर्ग की 1 अप्रैल 2023 की जारी वरिष्ठता सूची में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ियों के चलते शिक्षकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। पदोन्नति के लिए जारी वरिष्ठता सूची तैयार करने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों की लापरवाही से शिक्षकों को पदोन्नति देने की शासन की मंशा पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष स्वदेश शुक्ला एवं प्रदेश महासचिव हेमेंद्र साहसी ने मीडिया को जानकारी दिया कि जारी वरिष्ठता सूची में 500 से अधिक शिक्षकों की शिक्षक पद पर गलत नियुक्ति तिथि अंकित कर उन्हें उच्च पदक्रम प्रदान किया गया है। वर्तमान में कार्यरत कई शिक्षकों का नाम भी सूची में शामिल नहीं किया गया है। गड़बड़ियों का आलम यह है कि 2006, 2008 एवं 2013-14 में शिक्षक पद पर पदोन्नत सहायक शिक्षकों को भी शिक्षक पद पर आने की तिथि 1 मई 2005 दर्शाया गया है, जिसके पात्रताधारी योग्य शिक्षकों का नाम उनसे निम्न पदक्रम पर अंकित किया गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठता सूची की त्रुटियों के निराकरण, प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला के पद पर पदोन्नति संशोधन पीड़ित शिक्षकों के तीन माह से लंबित वेतन भुगतान, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला के पदों पर शीघ्र पदोन्नति की कार्यवाही पूर्ण करने की मांग को लेकर संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग को ज्ञापन सौंपा गया है। पदक्रम सूची के कालम न.13 में संविलियन के पूर्व शिक्षक पंचायत, ननि के पद पर वरिष्ठता दिनांक में अधिसंख्य शिक्षकों की वरिष्ठता दिनांक त्रुटिपूर्ण है, जिसमें शिक्षक पद पर वरिष्ठता के स्थान पर पदोन्नति के पूर्व पद सहायक शिक्षक पद की वरिष्ठता दिनांक एवं वास्तविक तिथि के स्थान पर त्रुटिपूर्ण दिनांक को अंकित किया गया है, जिससे वरिष्ठ शिक्षक पश्चातवर्ती पदोन्नत शिक्षकों से कनिष्ठ हो गए हैं। वर्तमान में कार्यरत पदोन्नति योग्य शिक्षक एलबी संवर्ग के अनेक शेष पेज 10 पर

## आईसीटी लैब के प्री टेस्ट में किया बौद्धिक आंकलन

**चारामा।** विकासखंड चारामा के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जनपद चारामा में आईसीटी लैब के माध्यम से छठवीं से आठवीं तक के बच्चों का पूर्व ज्ञान के आंकलन के लिए प्री टेस्ट परीक्षा बुधवार को आयोजित हुआ। टेस्ट में छात्रों से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान तथा कंप्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान के वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानपाठक हेमलता देवांगन ने कहा कि इस तरह के परीक्षा का आयोजन होते रहना चाहिए, ताकि बच्चो के बौद्धिक विकास का सही सही आंकलन हो सके, साथ ही तकनीकी ज्ञान से बच्चें अवगत हो और अपने भविष्य में होने वाले परीक्षाओं के लिए सजग रहे। परीक्षा के आयोजन के लिए डीजी मित्र, गीतांजलि मरकाम एवं संस्था के समस्त शिक्षको का योगदान रहा।



# पीएम फसल योजना के तहत 31 जनवरी तक बीमा सुविधा

**कांकेर।** खरीफ वर्ष 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत ऋणी एवं अऋणी कृषकों का फसल बीमा करने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधिसूचना जारी किया गया है, जिसके तहत किसान 31 जुलाई तक कृषक फसल बीमा करवा सकते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि ऋणी कृषकों का फसल बीमा वित्तीय संस्थाओं से खरीफ 2024 में कृषि ऋण लेने पर स्वतः बीमा हो जाएगा, किन्तु अऋणी कृषकों को फसल बीमा करवाने के लिए निकटतम ग्राहक सेवा केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज नवीनतम आधार कार्ड की प्रतिलिपि, स्वप्रमाणित बुआई प्रमाण-पत्र, स्वयं के नाम पर भूमि रिकॉर्ड, खतौनी की प्रतिलिपि, सक्रिय बचत खाता की प्रतिलिपि जिस पर खाता संख्या और आईएफएससी कोड अंकित हो, निर्धारित प्रीमियम दर के साथ बीमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि खरीफ फसलों के लिए प्रीमियम दर 02 प्रतिशत एवं रबी फसलों के लिए प्रीमियम दर 1.5 प्रतिशत बीमांकित राशि निर्धारित है। आपदाओं से बचाने के लिए स्थानीयकृत आपदा एवं फसल कटाई के उपरान्त खेत में सुखाने के लिए फैलाकर रखी हुई फसल में नुकसान की स्थिति में शेष पेज 10 पर







## खबर संक्षेप



### मां के नाम पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन

**दुधावा।** सरोना तहसील अंतर्गत ग्राम देवडोंगर निवासी झगरूराम बघेल ने अपने जन्मदिन पर अपनी मां के नाम पर पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। बता दे की झगरूराम अपने घर की बड़ी में फलदार, औषधि एवं छायादार वृक्ष लगाकर अपना जन्मदिन मनाते आ रहे है। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने जीवन में एक पौधा अवश्य लगाएं, उसकी देखरेख करें। हम पेड़ तो काटते हैं, पर एक पेड़ लगाना भूल गए हैं। इससे पर्यावरण में असंतुलन की समस्या हो गई है।

### पटेल संघ की बैठक 15 को कृषि मंडी में

**कांकेर।** राजस्व ग्राम पटेल संघ की कृषि उपज मंडी परिसर में 15 जुलाई को दोपहर 12 बजे बैठक का आयोजन किया गया है। आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष कृष्णाराम जैन, संभागीय अध्यक्ष अनंत कश्यप, संरक्षक रघुनंदन साहू, मेहर सिंह कोमरा और जिलाध्यक्ष तिलक कुमार दर्रो की उपस्थिति में होगी। बैठक के उपरांत पुरानी समस्याओं और माँग का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

### हटाये गये लापरवाह पटवारी किशोर दीवान

**दंतेवाड़ा।** जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार पटवारी हल्का नंबर-4 भैरमबंद में पदस्थ पटवारी किशोर दीवान को जिला प्रशासन द्वारा कार्यों में अनियमितता तथा ग्रामीणों द्वारा शिकायत सही पाये जाने पर भैरमबंद से हटाकर तहसील कार्यालय कटेकल्याण कर दिया गया है। ज्ञात हो कि पदस्थ रहने के दौरान उक्त पटवारी के विरुद्ध 18 सर्व मूल बस्तरिया समाज कल्याण संघ दन्तेवाड़ा सहित एवं ग्रामीणों के द्वारा उनके संबंध में बिन्दुवार शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके अनुसार आय, जाति, निवास एवं भूमि संबंधी कार्यों के लिए पैसों की मांग करना, विगत 10 वर्षों से एक ही जगह पर पदस्थ होना, जमीन दलाली के कार्यों में लिप्त रहना, मंदिर एवं धार्मिक कार्यों में बेवजह हस्तक्षेप करना, मूल बस्तरिया समाज का व्हाट्सअप ग्रुप बनाकर लोगों को भड़काने का काम करना तथा सभी राजनैतिक दलों के संपर्क में रहकर लाभ उठाना जैसी शिकायत दर्ज हुई थी।
उक्त शिकायतों के तहत जांच किये जाने हेतु तहसीलदार दन्तेवाड़ा की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया गया था। जांच समिति के द्वारा 24 जून को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन के अनुसार सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, उप सरपंच ग्राम पंचायत बालपेट, सर्व मूल बस्तरिया समाज के उपाध्यक्ष, सह सचिव, ग्राम पंचायत टेकनार के सरपंच, उपसरपंच इसी प्रकार ग्राम कतियाररास के ग्रामीणों के द्वारा बताया गया है कि किशोर दीवान हल्का पटवारी का व्यवहार लोगों के प्रति बहुत ही अभद्र और अशालीन रहा है एवं दायित्वों के प्रति वे घोर लापरवाह रहे है।

### डीआरएम घाट सेक्शन का निरीक्षण कर सुरक्षा का लिया जायजा

**जगदलपुर।** मंडल रेल प्रबंधक सौरभ प्रसाद ने एडीआरएम (परिचालन) मनोज कुमार साहू और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ, कोट्टावलसा-शिवलिंगपुरम खंड में केके लाइन का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया। निरीक्षण, मानसून के मौसम से पहले बोल्डर गिरने की संभावना वाले संवेदनशील स्थानों का आकलन करने पर केंद्रित था, जिसमें शिवलिंगपुरम रेलवे स्टेशन और कोत्तावलसा-किरंदुल लाइन के महत्वपूर्ण खंडों पर गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण का प्राथमिक उद्देश्य ओवर हेड उपकरण (ओएचई), पॉइंट और क्रॉसिंग, ट्रैक सर्किट और अन्य महत्वपूर्ण रेलवे बुनियादी ढांचे से संबंधित सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन सुनिश्चित करना था। डीआरएम सौरभ प्रसाद ने शिवलिंगपुरम स्टेशन पर रेलवे ट्रैक, रिले रूम और सिग्नलिंग सिस्टम के साथ-साथ सुरंगों और घाट खंडों के चुनौतीपूर्ण इलाकों से संबंधित विभिन्न सुरक्षा मानकों की सावधानीपूर्वक समीक्षा की।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर युवक कांग्रेस ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

## डिवायडरों की ऊंचाई अधिक होने से बढ़े हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

युवक कांग्रेस ने शहर के अंदर डिवाईडर के कारण हो रहे सड़क दुर्घटना में कमी लाने के लिए कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। सड़क दुर्घटना में कमी लाने की मांग करते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि ज्ञापन देने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में आंदोलन किया जाएगा। युवक कांग्रेस जिला महासचिव सुरेश नाग, एनएसयूआई पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष चमन साहू ने ज्ञापन सौपने के दौरान कहा कि कांकेर शहर में लगातार दुर्घटना हो रही है, जिससे आम जनता को बहुत परेशानी हो रही है। शहर में जब से डिवाइडर बना है और उसकी ऊंचाई अधिक है, जिससे पार करने वाले दिखाई नहीं देते है।

**कार्रवाई नहीं हुई**

ईलाज के दौरान युवती की मृत्यु हो गई। आरोपी वाहन चालक के खिलाफ आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ। हमारी माँग है कि मृतिका के परिजनों को मुआवजा दिया जाएं और आरोपी वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही किया जाए।




**शामिल रहे**

ज्ञापन देने के दौरान कृषि सभापति जिला पंचायत सदस्य नरोत्तम पडोटी, नरेश तुलावी, तारस सिन्हा, प्रशांत सिन्हा, अभिषेक साहू, अजय नागवंशी, सौरभ श्रीवास्तव, श्याम नेताम, प्रियंका जैन, मीनू तारम, अपूर्णना साहू, काव्य पोयम, लूमन मांडवी, टिकेशवरी कोर्राम, मोनिका वट्टी, संगीता हिड़को, मनीषा, लीना कोसमा आदि सदस्य उपस्थित रहे।

डिवाइडर को पार करने के लिए रास्ता जहाँ पर है, वहाँ न तो सिग्नल है और न ही स्पीड को कम करने के लिए स्पीड ब्रेकर है, जिससे गाड़ियों को रफ्तार तेज होती है, जो एक प्रमुख कारण है। कालेज से सेंट माइकल स्कूल तक और दूसरे छोर में ज्ञानी चौक तक लगातार भीड़ वाली जगह है। स्कूल व कालेज के पास छात्रों का बहुत भीड़ बना रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन सब जगह पर स्पीड ब्रेकर बनाया जाए या फिर गाड़ियों की रफ्तार कम हो, इसके लिए कोई ठोस कदम उठाने की जरूरत है। मोहपुर निवासी यूवती यू टूबर इंदू वट्टी का विगत दिनों गर्ल्स स्कूल के पास एक्सीडेंट हुआ था और डिजायर कार सीजी 19 बीपी 4829 के चालक की लापरवाही के चलते एक्सीडेंट हुआ था।

## ग्रामीणों की समस्याएं सुनने प्रशासन जाएगा गांवों में, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर होंगे 18 से जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के आम ग्रामीणजनों को अपनी आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिले में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन माह जुलाई से माह जनवरी 2025 तक करने का आदेश जारी किया गया है, जिसमें जिला स्तरीय, ब्लॉक स्तरीय एवं क्लस्टर स्तर के अधिकारी-कर्मचारी अपनी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करेंगे।

कलेक्टर के द्वारा जारी आदेश के तहत नरहरपुर विकासखण्ड के क्लस्टर सरोना के आश्रित ग्राम धनेसरा में गुरूवार 18 जुलाई, कांकेर विकासखण्ड के ग्राम बागोडार हाई स्कूल मैदान में शुक्रवार 26 जुलाई, चारामा विकासखण्ड के कोटतरा के आश्रित ग्राम लिलेझर में बुधवार 31 जुलाई, भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम सेलेगांव हाई स्कूल प्रांगण में गुरूवार 01 अगस्त, अंतागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भवन कोलर में शनिवार 10 अगस्त, दुर्गूकोंदल विकासखण्ड के कोड़कुर्से के आश्रित ग्राम हामतवाही में शुक्रवार 16 अगस्त, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पानीडोबीर में बुधवार 21 अगस्त और नरहरपुर क्लस्टर उमरादाह के आश्रित गांव किशनपुरी में गुरूवार 29 अगस्त को जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत ब्यासकोंगेरा में गुरूवार 05 सितम्बर, चारामा विकासखण्ड के ग्राम आंवरी में शुक्रवार 13 सितम्बर, भानुप्रतापपुर के ग्राम बारवी में बुधवार 18 सितम्बर, अंतागढ़ के ग्राम पंचायत फुफगांव में शुक्रवार 27 सितम्बर, दुर्गूकोंदल क्लस्टर दमकसा के आश्रित ग्राम लोहत्तर में गुरूवार 03 अक्टूबर, कोयलीबेड़ा क्लस्टर ऐसेबेड़ा के ग्राम बारदा में बुधवार 09 अक्टूबर, नरहरपुर क्लस्टर के ग्राम देवगांव में शुक्रवार 18 अक्टूबर, कांकेर के ग्राम पंचायत बाबूदबेना में गुरूवार 24 अक्टूबर, चारामा क्लस्टर लखनपुरी के ग्राम पंचायत तारसगांव में शुक्रवार 08 नवम्बर, भानुप्रतापपुर के ग्राम साल्हे में गुरूवार 14 नवम्बर, अंतागढ़ के ग्राम पंचायत कढ़ईखोदरा में गुरूवार 14 नवम्बर तथा दुर्गूकोंदल क्लस्टर के ग्राम कोदापाखा में बुधवार 27 नवम्बर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके अलावा कोयलीबेड़ा क्लस्टर के ग्राम सावेर में शनिवार 07 दिसम्बर, नरहरपुर क्लस्टर दुधावा के ग्राम पंचायत मुसुरपुट्टा में बुधवार 11 दिसम्बर, कांकेर के ग्राम पंचायत आलबेड़ा में बुधवार 18 दिसम्बर, चारामा क्लस्टर हाराडुला के ग्राम पंचायत जेपरा में शनिवार 21 दिसम्बर, भानुप्रतापपुर के ग्राम पंचायत भीरागांव में शनिवार 28 दिसम्बर, अंतागढ़ के ग्राम पंचायत बुलावण्ड में गुरूवार 02 जनवरी, दुर्गूकोंदल क्लस्टर हाटकांदल के ग्राम कलंगपुरी में शनिवार 11 जनवरी, कोयलीबेड़ा क्लस्टर छोटेकापसी के ग्राम पंचायत बड़ेकापसी में गुरूवार 16 जनवरी, अंतागढ़ के ग्राम पंचायम मातला ब' में शनिवार 18 जुलाई और कोयलीबेड़ा क्लस्टर गोण्डाहूर के ग्राम पंचायत हांकेर में दिन बुधवार 22 जनवरी को आम जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के समाधान के लिए जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# कुर्री स्कूल में पौधारोपण किया और सुरक्षा का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

कुर्री स्कूल में एसएमसी सदस्यों एवं अध्यापकों व विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला कुर्री निर्मला बाग,शिक्षक प्रमिला दुग्गा, तुलसी बारले, तेजराम चुरेंद्र, लिना दिल्लीवार,प्राथमिक शाला कुर्री प्रधान अध्यापक, जगवंती ठाकुर, गायत्री सलाम, डोमेश्वरी यादव,संकुल कुर्री के संकुल समन्वयक, दिग्पाल ठाकुर मौजूद रहे।

प्रधान अध्यापक माध्यमिक शाला कुर्री निर्मला बाग ने बताया कि इस अवसर पौधारोपण के साथ-साथ बच्चों को पौधारोपण का महत्व भी समझाया गया। कहा कि पेड़ प्रकृति की अनुपम देन है। पेड़ एक देश की बहुमूल्य संपदा होते हैं, जहां पर पेड़ अधिक मात्रा में होते हैं। वहां की जलवायु स्वच्छ होती है। पेड़ हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं और इनकी रक्षा करना हमारा दायित्व है। जब तक पृथ्वी पर पेड़ों का अस्तित्व है तब तक ही मानव सभ्यता का अस्तित्व है। इसलिए हमें पेड़ों की सुरक्षा करनी होगी। रोपित किए गए पौधों के प्रजातियों में से मुनगा -03 नग, कटहल -02 नग , कोलियारी 02 नग कुल 07 नग का रोपण किया गया। संस्था के पुर्व माध्यमिक शाला के प्रधान पाठिका निर्मला बाग द्वारा बच्चो को भविष्य में अपने पूर्वजों के नाम से भी दीर्घ आयु वाले पौधों में से पीपल, बरगद, नीम एवम् आम प्रजातियों के रोपण हेतु कहा गया साथ ही रोपित पौधों के संरक्षण और संवर्धन भी करने का चर्चा किया गया।

## मौत के चार प्रकरणों पर 4-4 लाख की मदद मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने सर्प काटने एवं पानी में डूबने से मृत्यु होने के 04 प्रकरणों में उनके आश्रितों के लिए चार-चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। जानकारी के अनुसार बांदे तहसील के ग्राम मोरखण्डी निवासी 37 वर्षीय मिरगुराम को सर्प काटने से मृत्यु हो जाने पर उनकी पत्नी मंगली को चार लाख, भानुप्रतापपुर तहसील के ग्राम नारायणपुर निवासी 55 वर्षीय जानकी बाई पटेल की नदी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम आश्रित अंगदराम पटेल को चार लाख, पखांजूर तहसील के ग्राम मेण्ड्रा निवासी 57 वर्षीय रजऊ राम धुरवा की गड्ढे के पानी में डूबकर मृत्यु हो जाने पर उनके पुत्र जगेलराम धुरवा को चार लाख तथा इसी तहसील के ग्राम ठाकुरनगर के 02 वर्षीय प्रणव बछाड़ की तालाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर उनके निकटतम आश्रित प्रहलाद बाछाड़ और प्रोमिला बाछाड़ के लिए चार लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## महेशपुर जंगल में 17 बकरियों की हुई मौत, पहुंची जांच टीम



**दुधावा।** सरोना तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत घोटियावाही आश्रित ग्राम महेशपुर निवासी पशुपालक सोमनाथ नेताम के यहां अज्ञात कारणों से 17 बकरियां मृत पाई गई। खबर मिलते ही पशु चिकित्स्क की टीम मौके पर पहँचकर जाँच में जुट गए। जाँच के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा।

पशुपालक सोमनाथ ने बताया कि मेरे पास 4 बकरे और 13 बकरियां है। प्रतिदिन की तरह बकरियों को चराने जंगल ले गए, जहाँ बकरियां झुंड में चर रहे थे। कुछ खाने का अभास हुआ, तो पशुपालक ने उस स्थान से बकरियों को भगाया। कुछ देर बाद देखा कि एक बकरी मृत पाई गईं और फिर एक-एक कर 17 बकरियां मृत्यु हो गई। पशुपालक ने तत्काल इसकी जानकारी पशु चिकित्सा विभाग नरहरपुर को दिया। अज्ञात कारणों से बकरियों के मारे जाने के कारण पशुपालक ने इसकी जानकारी दुधावा चौकी में भी दिया।

पशु चिकित्सा सहायक शल्य नरहरपुर डॉ चित्रलेखा देव ने बताया कि बकरियों के मारने कारण अज्ञात है। पीएम रिपोर्ट के लिए सैंपल फोरेंसिक लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

## मातागुड़ी, देवगुड़ी व गोटूल आदि स्थलों पर पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में स्थापित आस्था एवं परम्पराओं के केन्द्र मातागुड़ी, देवगुड़ी, गोटूल, प्राचीन मृतक स्मारक, सेवा-अर्जी स्थलों को संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए बस्तर संभागायुक्त के निर्देशानुसार वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।

जिला पंचायत के सीईओ ने बताया कि शासन के मंशानुरूप आदिवासी एवं अन्य परम्परागत वननिवासियों का जल, जंगल और जमीन के साथ-साथ सेवी-अर्जी स्थलों पर अटूट आस्था रखते हैं। गुडी स्थल के आसपास वृक्षों को देवता समतुल्य मान्यता है।

गुड़ी स्थल पर स्थित पेड़ पौधों को संरक्षित रखा जाता है। उन्होंने बताया कि स्थलों के आसपास फलदार, फुलदार, छायादार पौधे



यथा नीम, आम, जामून, करर्जी, अमलताष व ग्रामवासियों के सुक्षाव अनुसार पौधों का रोपण विषेष अभियान चलाकर किया जा रहा है। जिले के सभी विकासखण्डों में निःशुल्क पौध नर्सरी के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। वृक्षारोपण के दिन ग्राम प्रमुख, बैगा, सिरहा, पेरमा, मांझी, चालकी, गुनिया, गायता, पुजारी, पटेल, बजनिया, अटपहरिया तथा जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जा रहा है। यह वृक्षारोपण अभियान 15 जुलाई 2024 तक चलेगा।

## पेज 09 के शेष...

### कन्या आश्रम में ...

बहनों ने बताया कि रीता मड़ियाम छेरपाल पढ़ने गई थी और 2005 से गायब हो गई थी। मैं दो भाई और 4 बहन है। छोटा भाई स्कूल गया नहीं, वहीं मैने भी पाँचवी के बाद स्कूल नहीं गया, बहने स्कूल नहीं गई। मनकेली गांव में पढ़ाई का यही हाल है, पाँचवीं के बाद बहुत कम लोग ही आगे पढ़ाई करते है। यह गाँव बीजापुर जिले में आता है, आयतु सही बोल रहा है तो उस गांव के लोगों को आज भी शिक्षा को लेकर जागरूक करने की जरूरत है।

### एलबी संवर्ग शिक्षकों...

शिक्षकों का नाम सूची में शामिल नहीं है। एसोसिएशन ने संबंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी से परीक्षण कराते हुए सूची की समस्त त्रुटियों में आवश्यक सुधार करने की उपरांत ही पदोन्नति सूची जारी करने की मांग किया है।

### विश्व जनसंख्या...

आयोजन किया गया। आयोजित शिविर में सचिव भास्कर मिश्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि इस दिन को मानने का मुख्य उद्देश्य लोगों को जनसंख्या विस्फोट, परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थय के प्रति जागरूक करना है। तेजी से बढ़ती जनसंख्या, बेरोजगारी, गरीबी, संसाधनों की कमी, पर्यावरण प्रदूषण और जीवन स्वास्थ में गिरावट जैसी समस्या नियंत्रण के बारे में जागरूक होना चाहिए, जिससे की आने वाला भविष्य उज्ज्वल हो। उक्त शिविर में बाल विवाह, बाल श्रम, वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण, मोटर व्हीकल एक्ट जैसे कानूनी की जानकारी भी दी गई। इस अवसर पर नर्सिंग इंस्टीट्यूट कॉलेज की प्राचार्य पूजा पांडे, सागर गुप्ता प्रतिधारक अधिवक्ता, कौशल रजक, पैरालीगल वोलेंटियर नीलकमल मटियारा उपस्थित रहे।

### पीएम फसल योजना...

कृषक फसल क्षति की सूचना की जानकारी टोल फ्री नम्बर 18002095959 में निर्धारित समय-सीमा के भीतर भेज सकते हैं।

## जल शक्ति से नारी शक्ति कल पर जनजागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

महिला बाल विकास विभाग द्वारा 12 जुलाई 2024 को जिले के समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान अन्तर्गत जल संरक्षण विषय पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग ने बताया कि इसके अन्तर्गत प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना एवं महतारी वंदना योजना के लाभार्थी महिलाओं व अन्य समस्त लाभार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में जल के महत्व, साफ और सुरक्षित जल का उपयोग, जल संरक्षण के सही उपाय, जल संग्रहण की उपयोगी तकनीकों की जानकारी, जल स्त्रोतों के आस-पास साफ सफाई एवं स्वच्छता का महत्व और पौध रोपण से जल संरक्षण विषयों पर जानकारी दी जाएगी। इस अवसर पर एक वृक्ष मां के नाम से पौध रोपण किया जाएगा। साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र आने वाली बेटियों के नाम से भी पौधा लगाया जाएगा। छोटे बच्चों को पौध रोपण के माध्यम से प्रकृति व पर्यावरण से जोड़ा कर इसके संरक्षण के लिए प्रेरित किया जाएगा। विभाग द्वारा जिले के जनप्रतिनिधियों व स्थानीय निवासियों से इस जन आंदोलन में अधिकाधिक सहभागिता निभाने की अपील की गई है।

## मछली पालन से किसानों की आमदनी का रास्ता खुलेगा

# राष्ट्रीय मत्स्य पालन दिवस पर मछली पालन का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज | चारामा

राष्ट्रीय मत्स्य पालन दिवस पर सहभागी समाज सेवी संस्था द्वारा किसानों के लिए मछली पालन पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। संस्था व मत्स्य पालन विभाग ने स्थानीय किसानों को मछली पालन के उन्नत तकनीकों से अवगत कराया और उन्हें इसके आर्थिक लाभों के बारे में जानकारी दी।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में हाई इम्पैक्ट मेगा वाटर शेड परियोजना के कार्यकर्ताओं ने मछली पालन के विभिन्न चरणों जैसे तालाब निर्माण, मछली बीजों का चयन, पानी की गुणवत्ता प्रबंधन, आहार प्रबंधन और




मछलियों की देखभाल पर व्याख्यान दिए। कार्यक्रम के दौरान, किसानों को मछली पालन से संबंधित नवीनतम अनुसंधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। प्रशिक्षण में किसानो के तालाबों का पीएच मान जांचा गया और किसानो को पानी की गुणवत्ता के विभिन्न मापदंडो को समझाया गया। संस्था के अध्यक्ष ने बताया कि हमारा उद्देश्य किसानों को कृषि के साथ-साथ मछली पालन के माध्यम से भी आय के नए स्त्रोत प्रदान करना है। मछली पालन न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन का भी एक महत्वपूर्ण साधन है। संस्था में बीआरएलएफ के द्वारा चल रहे हाई इम्पैक्ट मेगा वाटरशेड परियोजना अंतर्गत किसानो को मछली पालन से जोड़कर उनकी आजीविका में सर्वांगीण बदलाव किए जा रहे है। कार्यक्रम में डेढ़कोहका, झिपाटोला, खैरवाही के किसानों ने भाग लिया और मतस्य पालान की और एक और कदम बढ़ाया। आयोजित कार्यक्रम में सहभागी समाज सेवी संस्था अध्यक्ष बसंत यादव, सचिव कलावती कश्यप, लोकमान्य साहू , जितेन्द्र साहू , इन्द्रानी साहू, शालिनी नागराज, युवराज नागराज, नवीन रजक, नरोत्तम सिन्हा, पल्लवी साहू, कलावती दुग्गा, बिहान की दीदिया, प्रेजी लिजा बेन, मछली पालक व किसान शामिल रहे।

# शाला विकास समिति की बैठक में की शैक्षणिक चर्चा



**दुर्गूकोंदल।** विकासखण्ड दुर्गूकोंदल अंतर्गत शासकीय उमावि कोदापाखा में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक 9 जुलाई को हुई, जिसमें शाला प्रबंधन, नव प्रवेशी छात्र छात्राओं की उपस्थिति, गत परीक्षा परिणाम, हर माह मासिक परीक्षा का आयोजन, वार्षिक परीक्षा परिणाम में और सुधार की आवश्यकता पर चर्चा विद्यालय में नवीन संकाय की आवश्यकता महसूस किया गया। नवमी में नवप्रवेशी छात्राओं को साइकल वितरण भी किया गया। बैठक में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष आयनुराम ध्रुव, कोदापाखा सरपंच अनुपा, शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष मंगलू ध्रुव, भगवान गावड़े, शम्भू कुलदीप, तिहारु सिन्हा, मनोतीन, जयबती सिन्हा, प्राचार्य धनाराम कश्यप, शिक्षक डीआर खरे, पवन नाग, विनीता वट्टी, संतोषी रावटे, डोमेश्वरी राणा, ईशान गंगवानी एवं समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### 17 को शुष्क दिवस

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा जिले में 17 सितंबर को मोहर्रम के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान सीएस 2घ एवं विदेशी मदिरा दुकान एफएल 1 घ तथा एफ एल 7 सैनिक कैंटीन फुटकर अनुज्ञप्ति पूर्णतः बंद रहेगी।

### स्कूलों में व्यापक रूप से पौधरोपण



**बीजापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी योजना एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किया है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आह्वान पर बीजापुर जिले में भी व्यापक रूप से एक पेड़ मां के नाम के तहत 7 जुलाई को भारत स्काऊट एवं गाईड के छात्र-छात्राओ द्वारा वृहद रूप से वृक्षारोपण का कार्यक्रम जिले के विभिन्न स्कूल में किया गया जिसमे काजू, आवलां, नीबू, सीताफल, अशोक, मुनगा आदि प्रकार के पौधों का रोपण किया गया एवं सभी वृक्षों को जीवित रखने की शपथ ली गई।

### ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 12 महिला घायल



**जगदलपुर।** बस्तर जिले के दरभा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा में रहने वाली महिलाओं को खेत में रोपा लगाने के बाद वापस घर छोड़ने जाने के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार 12 से अधिक महिला मजदूर घायल हो गईं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार राजुर निवासी युवक खेत में रोपा लगाने के लिए चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा से 23 महिला मजदूरों को लेकर बुधवार की सुबह खेत ले गया था। जहां रोपा लगाने के बाद सभी 23 महिलाओं को वापस छोड़ने के लिए चितापुर पंचायत पारा बुड़गीबाटा जा रहा था। शाम 6 बजे के लगभग जैसे ही पहाड़ी में ट्रैक्टर पहुंचा, ऊंचाई में होने के कारण ट्रैक्टर आगे नहीं बढ़ पाया और ट्रॉली पलट गई। इस हादसे में आठ घायलों को पहले तोकापाल के स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, वहां से फूलमनी 16 वर्ष, दसमती 19 वर्ष के अलावा शांति 35 वर्ष को बेहतर उपचार के लिए मेकॉज में भर्ती किया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

## निधन



### गोरा बाई

**जगदलपुर।** दंतेश्वरी वार्ड निवासी गोरा बाई का आज सुबह निधन हो गया। अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया, अंतिम यात्रा में वार्डवासी तथा समाज के लोग शामिल हुए। मृतिका भाजपा पार्षद दल के सचेतक राजपाल कसेर की सास थी। वह भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### नये कानून के प्रति जन जागरूकता निर्मित करने में मीडिया प्रतिनिधियों की अहम भूमिका : आईजी

# कार्यशाला में दी गई नये कानून की जानकारी

### कानून में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने हेतु नये कानून में है प्रावधान : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज सुंदरराज पी. एवं पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा द्वारा गुरुवार को लालबाग स्थित शौर्य भवन में मीडिया प्रतिनिधियों को नये कानून के संबंध में जागरूकता कार्यशाला के दौरान विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि देश में 1 जुलाई 2024 से नया कानून प्रभावशील हो गया है। नवीन कानून के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए कम्युनिटी पुलिसिंग, विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में कार्यशाला इत्यादि के माध्यम से प्रयास किया जा रहा है। साथ ही नये कानून के प्रति व्यापक जन जागरूकता निर्मित करने के लिए मीडिया की अहम भूमिका है, जो मीडिया के विभिन्न माध्यम से लोगों तक नये कानून के संबंध में जागरूकता ला सकती है। इसे मद्देनजर रखते हुए शासन के निर्देशानुसार यह कार्यशाला आयोजित की गई है।

कार्यशाला में उप पुलिस अधीक्षक दिलीप कोसले ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन मुख्य कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गए हैं। पूर्व कानून में बदलाव किया गया है तथा अलग-अलग धाराओं में सजा के लिए परिवर्तन किया गया है। कानूनों में एकरूपता लाने के लिए नया कानून लाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समय का निर्धारण किया गया है। पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रावधान किए गए है। विशेषकर अपराधिक मामलों में तलाशी एवं जब्ती के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी अनिवार्य रूप से की जाएगी। इन कानूनों के संबंध में नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें तथा दूसरों को भी जागरूक करें।

पुलिस समय पर विवेचना करें, इसके लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फॉर्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से अब नागरिक अलग-अलग स्थानों में भी रहते हैं, ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि नये टेक्नॉलॉजी को अपनाने से कार्य सुगम होंगे तथा अपराधियों को समय पर दण्ड मिल सकेगा। बच्चों एवं महिलाओं के खिलाफ आरोप होने पर कड़ी सजा का प्रावधान है, इसे गंभीरता से लिया गया है। उन्होंने नये कानून के धाराओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में मीडिया प्रतिनिधियों की शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर मीडिया प्रतिनिधियों सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत

कार्यशाला में आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि भारतीय मूल्यों पर आधारित ये नये कानून दंडात्मक से न्याय-उन्मुख दृष्टिकोण में बदलाव का संकेत है, जो भारतीय न्याय व्यवस्था को प्रतिबिंबित करता है। इसका मुख्य लक्ष्य ऐसी आपराधिक न्याय प्रणाली बनाना है, जो नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करने सहित कानूनी व्यवस्था को भी और अधिक मजबूत बनाती है। जिससे सभी के लिए सुलभ एवं त्वरित न्याय सुनिश्चित हो सके। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि देश में पुराने कानून ब्रिटिश काल से चले आ रहे थे। जिसे प्रासंगिक बनाने एवं निर्धारित समय-सीमा में प्रकरणों का समाधान करने के लिए बदलाव किया गया है। इस बदलाव से अपराधियों के खिलाफ एफआईआर करने में दिक्कत नहीं होगी तथा गंभीर अपराधियों के विरुद्ध प्रक्रिया का पालन करते हुए कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए समय-सीमा निर्धारित किया गया है। पीड़ित पक्ष को ध्यान में रखा गया है। पीड़ित पक्षकार को ई-साक्ष्य, जीरो-एफआईआर और ई-एफआईआर से राहत मिलेगी। पीड़ित पक्ष को न्याय जल्दी मिलेगा। यह कानून सभी नागरिकों तक पहुंच सके, इसके लिए विभिन्न माध्यमों से लगातार जानकारी दी जा रही है।

### विश्वसनीयता बढ़ेगी

पुलिस अधीक्षक सिन्हा ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मामला होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फॉर्म में शिकायतों को लेने से विश्वसनीयता बढ़ेगी। प्रकरणों के निराकरण के लिए नये कानूनों में समयावधि निर्धारित की गई है, जिससे जवाबदेही के साथ मामलों का निराकरण हो सकेगा। उन्होंने बताया कि आईपीसी में 20 नये अपराध जोड़े गए हैं। कई अपराधों के लिए अनिवार्य न्यूनतम सजा का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही 6 छोटे अपराध से जुड़े आरोपियों के सुधार के लिए सामाजिक सेवा का प्रावधान किया गया है। कई अपराधों में जुर्माना वृद्धि सहित सजा की अवधि बढ़ाई गई है।

## 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को दिया जाएगा बस का पास




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

खबर का असर

परिवहन विभाग ने वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ के पत्र पर बस एसोशिएसन के अध्यक्ष को पत्र भेजा कि 80 वर्ष उम्र के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभाग की ओर से यात्रा पर पास दिया जाएगा। जिससे वरिष्ठ नागरिकों को बस में निःशुल्क यात्रा कर सकें।। रिष्ठ नागरिकों से बस में किराया लेने की शिकायत मिलने पर बस का अनुज्ञा पत्र निलंबित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग की अधिसूचना की अनुसूची के प्रावधान अनुसार वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक हो, को एक परिचारक सहित यात्री बस किराए से 100 प्रतिशत छूट दिया जाएगा। जिले के समस्त बस मालिकों, चालक, परिचालकों को सूचित करने का कष्ट करेंगे। यदि बस परिचालक द्वारा निःशुल्क बस यात्रा करने से सुविधा देने से इंकार किया जाता है, तो मोटरयान अधिनियम की धारा 86 के तहत संबंधित यात्री बस की अनुज्ञा पत्र एवं परिचालक के विरूद्ध धारा 34 के अधीन निलंबन की कार्यवाही की जाएगी।

■ वरिष्ठ नागरिकों से किराया लेने पर बस का अनुज्ञा होगा निलबंन

### आवेदन नहीं पहुंचा

क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि हालांकि अब तक आरटीओ कार्यालय में वरिष्ठ नागरिकों का आवेदन नहीं पहुंचा, आवेदन मिलने पर पास दिया जाएगा।

## लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ हुआ हेरापंचमी विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर गोंचा महापर्व के तहत गुरुवार को हेरा पंचमी पूजा विधान सम्पन्न हुआ, जिसमें श्रीश्री महालक्ष्मी जी की दो डोली नगर भ्रमण एवं रथ परिक्रमा स्थल से होते हुए गुड़िचा मंदिर सिरहासार भवन पहुंची। जहां नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी के साथ लक्ष्मी-नारायण संवाद हुआ। जिसके बाद वापस लक्ष्मी जी की दो डोलियां जगन्नाथ मंदिर पहुंची। भगवान जगन्नाथ जी के श्री मंदिर से निकलने के बाद चार दिनों तक वापस नहीं लौटने से भगवान जगन्नाथ का हरण की आशंका से श्रीश्री महालक्ष्मी जी द्वारा आषाढ शुल्क पक्ष पंचमी को ढूढंने निकलने की पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार मनाये जाने वाले इस पूजा विधान को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में लक्ष्मी-नारायण संवाद के साथ मनाया जाता है।

■ लक्ष्मी जी की दो डोली गुड़िचा मंदिर सिरहासार पहुंची

बस्तर गोंचा महापर्व समिति के अध्यक्ष विवेक पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व का महत्वपूर्ण पड़ाव हेरा पंचमी पूजा विधान में श्री जगन्नाथ मंदिर से दो डोलियां निकाली गई जिसमें परम्परानुसार पहली डोली राजपरिवार, राजगुरू एवं कुवंर परिवार के यहां से होते हुए जगन्नाथ मंदिर के मुख्य द्वार में पहुंची जिसके पश्चात दूसरी डोली भी जगन्नाथ मंदिर से निकाला जाकर दोनों डोलियां एक साथ रथपरिक्रमा स्थल से होते हुए सिरहासार भवन गुड़िचा मंदिर पहुंची, एवं परम्परानुसार पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा विश्व भ्रमण में रथारूढ़ होकर निकले थे, जिसके बाद गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर चार दिनों तक रूकने से श्रीश्री महालक्ष्मी के द्वारा श्री मंदिर में जगन्नाथ जी के वापस नहीं लौटने पर उन्हें ढूढंने निकली थी। भगवान जगन्नाथ को गुड़िचा मंदिर अपनी मौसी के घर मिलने पर नाराज श्रीश्री महालक्ष्मी अपनी नाराजगी भगवान जगन्नाथ के सामने रखने के संवाद को ही लक्ष्मी-नारायण संवाद कहा जाता है। जिसे आषाढ शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि पर श्री महालक्ष्मी जी के द्वारा भगवान जगन्नाथ जी के हरण की आशंका से ढूढंने निकलना और भगवान जगन्नाथ को पाकर संवाद की इस परम्परा को हेरा पंचमी पूजा विधान के रूप में मनाया जाता है। यह परम्परा बस्तर में विगत 617 वर्षों से अनवरत जारी है।

### तुपकी निर्माण करने वाले बुजुर्गों का सम्मान

बस्तर गोंचा महापर्व के दौरान प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बस्तर के पारंपरिक रूप से तुपकी बनाने वाले 10 कलाकारों का सम्मान गोंचा पर्व के दौरान भगवान जगन्नाथ को तुपकी की सलामी देने की विश्व प्रसिद्ध अनोखी परंपरा के संरक्षण के लिये किया गया। इसी तरह 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज के 26 बुजुर्गों का सम्मान भी इसके साथ ही किया गया । यह परंपरा भी अनवरत चली आ रही है बजुर्गों के सम्मान में महिला एवं पुरूष दोनो ही शामिल होते है जिन महिला बजुर्ग समाज के सदस्य की उम्र 70 या उससे अधिक है उन्हें समाज के द्वारा सम्मानित किया जाता है इसी तरह पुरूष बर्जुग समाज के सदस्य की उम्र 80 वर्ष या उससे अधिक बजुर्गो का सम्मान करने की परपंरा है। 360 घर आरण्यक ब्राम्हण समाज की यह अवधारणा है कि वयोवृद्ध बुर्जग सम्मान के बहाने समाज के सदस्यों के साथ बस्तर गोंचा पर्व में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ का दर्शन लाभ के साथ पुण्य लाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान करना है।

## लेंड्रा में मना संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम बुधवार को प्राथमिक शाला लेंड्रा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संकुल के समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के नव प्रवेशित बच्चों का फूल माला व तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। संकुल अंतर्गत शाला में संचालित शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं मध्यान भोजन संचालन समिति समूह के सदस्य इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत लेंड्रा सरपंच तिले कश्यप, कार्यक्रम की अध्यक्षता उप सरपंच नानीराम कश्यप समेत ग्राम पंचायत सेड़वा, लेंड्रा के वार्ड पंच उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश पात्र एवं खंड स्त्रोत समन्वयक समलू राम कश्यप उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का आयोजन संकुल समन्वयक महेंद्र कुमार नायक ने किया। इस अवसर पर चितरंजन विश्वास, राजरानी किस्पोट्टा एवं संकुल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बीईओ जगदीश पात्र ने सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी देते निःशुल्क गणवेश,पाठ्य पुस्तक व निःशुल्क साइकिल एवं छात्रवृत्ति के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही शिक्षक- शिक्षिकाओं को समय पर शाला पहुंचने हेतु निर्देशित किया। मध्यान भोजन नियमित मेनू अनुसार संचालित करने हेतु सभी संस्था प्रमुखों को अवगत करवाया एवं एफएलएन की लक्ष्य प्राप्ति के लिए नियमित रूप से अध्यापन कार्य करवाए जाने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया गया। वहीं बीआरसी समलू राम कश्यप के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं लर्निंग आउटकम विद्यार्थी विकास सूचकांक, शाला भवनों की मरम्मत एवं बच्चों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किया गया एवं सभी शिक्षकों को नियत समय पर शाला पहुंचने निर्देशित किया।

## सीआरपीएफ ने आश्रम के बच्चों को दिए म्यूजिक सिस्टम व अन्य सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



स्थानीय शिक्षा का समर्थन करने और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए सीआरपीएफ 50वीं बटालियन ने कनेक्ट पीपल के तहत आज कार्यक्रम आयोजित किया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम बिरला ग्राम फन्दीगुड़ा विकास खण्ड कोण्टा में यह कार्यक्रम रखा गया। ज्ञात हो कि ग्रामीणों के बीच बढ़ते आत्मविश्वास की दिशा में यह एक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल का सिविक एक्शन प्रोग्राम के रूप में महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम में 50वीं बटालियन के कमांडेंट प्रेमजीत कुमार व उनकी धर्मपत्नी नीतू कुमारी के द्वारा बिरला कन्या आश्रम के शैक्षणिक बच्चों व ग्रामीणों के बीच पहूंच एक परिवारिक माहौल कायम करते हुए कनेक्ट पीपल कार्यक्रम के तहत आश्रम में पढ़ने वाले बच्चों के लिए एक म्यूजिक सिस्टम व कपड़े बांटे। यह कार्यक्रम आशावाद की भावना और दूरियों को पाटने और समुदायों को जोड़ने वाली शैक्षिक पहलों का समर्थन जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ। वितरण किए गए इन वस्तुओं की लागत पामुला किशोर द्वितीय कमान अधिकारी के मित्र विजय भास्कर द्वारा वहन की गई थी। जो वर्तमान में यूएसए में काम कर रहे है। 50वीं बटालियन ने इस कार्यक्रम की व्यवस्था और आयोजन के लिए पहल की। जिसमें 50वीं बटा. के दुर्गा राम द्वितीय कमान अधिकारी, अमृतेश कुमार द्वितीय कमान अधिकारी एवं रेमता राम चौधरी उप कमाण्डेट ने भाग लिया।

### विहिप के प्रयास से महारा समाज के एक परिवार ने की घर वापसी

## 20 वर्ष से अपनाए ईसाई पंथ से किया तौबा, अपनाया सनातन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बस्तर में महारा समाज ने घर वापसी अभियान छेड़ दिया है और लगातार अपने समाज के मतांतरित लोगों से संपर्क साध पुनः सनातन धर्म में वापस लाने में जुट गए है। इसी का परिणाम है, कि अभियान से प्रेरित होकर ईसाई पंथ छोड़ बड़ी संख्या में लोगों की लगातार घर वापसी हो रही है।

विश्व हिंदू परिषद् जिला उपाध्यक्ष कचरा पाठी परगना महारा समाज के संरक्षक प्रेम चालकी ने बताया कि बस्तर जिले के हाटपदमूर निवासी एक परिवार के कैलाश नेताम, रंजिना नेताम, रजत नेताम, रश्मि नेताम ने 20 वर्ष पूर्व हिंदू धर्म छोड़ ईसाई पंथ को अपना लिए थे। महारा समाज कचरा पार्टी परगना के चलाये जा रहे घर वापसी अभियान और हिंदू धर्म से प्रभावित होकर पुनः सनातन धर्म में ग्रामवासी व वरिष्ठ जन, समाज प्रमुखों के समक्ष सर्व सम्मति से वापसी की।

इस आयोजन में महारा समाज कचरा पाठी के संरक्षक व विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रेम चालकी, ग्राम हाट पदमुर कचरा पाठी परगना के नाईक पाईक वरिष्ठ जन व पदाधिकारी, लोकनाथ, सियारी लाल कश्यप, तुलाराम कश्यप, देवनाथ, हरि बघेल, ईश्वर कश्यप, सीताराम नेताम, मंधर नाग, अंतराम चालक, महेश कश्यप, संतोष नेताम, शिवो नाग, जीवन दास पाईक, लूदर बघेल, सुखता कश्यप, मयतर नेताम व समस्त समाज के लोग एवं ग्राम के सदस्य उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों में मां के नाम 1 और बेटियों के नाम 4 पौधों का रोपण आज

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के 7 ब्लॉक के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में कल 12 जुलाई को 5 पौधे लगाए जाएंगे। एक पौधा मां के नाम और 4 पौधों का रोपण बेटियों के नाम पर होगा। साथ ही सभी जगह बेटी बचाव एवं बेटी पढ़ाओ, बेटियों को शिक्षा देने और जल संरक्षण के साथ पौधों की सुरक्षा की शपथ ली जाएगी। महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अरूण कुमार पांडे ने बताया कि कल पौध रोपण का विशेष अभियान कलेक्टर के निर्देश पर पूरे जिले में चलाया जाएगा। पौधों की व्यवस्था हो गई है तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में गडढे खोद कर तैयारी कर ली गई है। स्थानीय जनप्रतिनिधी और जागरूक नागरिक इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**भानुप्रतापपुर जिला-उ. ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no- 07850252353
Email-sdmbhanupratappur 1991@gmail.com
रा.प्र.क्र./20240714050011/अ-2/2023-24
ग्राम भानुप्रतापपुर, तहसील भानुप्रतापपुर,
जिला उ.ब.कांकेर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती निशा तिवारी पति हितेश तिवारी ग्राम भानुप्रतापपुर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम भानुप्रतापपुर, तहसील भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 31/1 रकबा 0.0190 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 16/07/2024 तक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांकः- 01/07/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**भानुप्रतापपुर जिला-उ. ब. कांकेर (छ.ग.)**
Fax no- 07850252353
Email-sdmbhanupratappur 1991@gmail.com
रा.प्र.क्र./20240714050015/अ-2/2023-24
ग्राम खुटगांव, तहसील दुर्गूकोंदल,
जिला उ.ब.कांकेर

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक/आवेदिका श्री रजमन पिता मनहेर ग्राम खुटगांव, तहसील दुर्गूकोंदल, जिला उत्तर बस्तर कांकेर द्वारा ग्राम खुटगांव, तहसील दुर्गूकोंदल, जिला उत्तर बस्तर कांकेर स्थित भूमि खसरा नंबर 378/5 रकबा 1.1000 हे. में से 0.120 हे. भूमि को व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तित करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का दावा/ आपत्ति हो, तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15/07/2024 तक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा । आज दिनांक 01/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

स्थानः- भानुप्रतापपुर ।
दिनांकः- 01/07/2024

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भानुप्रतापपुर
जिला-उ.ब.कांकेर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### बाल कैबिनेट गठित सदस्यों ने ली शपथ

**कांकेर।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भंडारीपारा में शाला परिवार एवं पालको द्वारा बाल कैबिनेट का गठन किया गया। सभी पदाधिकारी को शिक्षक - शिक्षिकाओं एवं प्रधानाध्यापक के समक्ष शपथ दिलाकर उनका दायित्व सौंपा गया। बाल कैबिनेट के प्रधानमंत्री के दीपाली पटेल, उप प्रधानमंत्री अमन यादव, शिक्षामंत्री टेनुजा यादव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री निधि यादव, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री आर्यन यादव, वित्त मंत्री दुर्गेश यादव, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री लेवेन्द्र कुमार, खेल एवं संस्कृति मंत्री अनन्या यादव तथा अनुशासन एवं बाल विकास मंत्री के रूप में शिवम यादव का सर्वसम्मति से चयन किया गया। प्रधानाध्यापक मधुलता गोस्वामी ने कहा कि सभी छात्र एवं छात्राएं पूरी मेहनत एवं लगन के साथ पढ़ाई करें।

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 106 विकासपल्ली निवासी 40 वर्षीय उदय विश्वास पिता निरंजन 10 जून को अपने नए मकान में मिट्टी डलवा रहा था। ट्राली खाली करते समय ट्रेक्टर के पलटने से दबने से कमर में चोट आने से ईलाज के लिए एम्स में भर्ती था। एम्स में ईलाज के दौरान 12 जून को मौत हो गई। रायपुर में शून्य में मर्ग कायम किया गया था और डायरी बांदे आने पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

निर्देश : जिला स्तरीय परामर्श दात्री समिति की बैठक संपन्न

# शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर





जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक भारतीय स्टेट बैंक के संयोजन से जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में 11 जुलाई को हुई।

आयोजित बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा एवं जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जन धन योजना एवं आधार सीडिंग सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं में बैंकिंग सहभागिता की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान कलेक्टर ने बैंकों में सभी बैंक अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली विभिन्न योजनाओं एवं हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत ऋण स्वीकृति में तेजी लाएं।

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ अंचलों में स्थित बैंक स्वहायता समूहों के विभिन्न प्रकार के आजीविका व रोजगार हेतु ऋण की स्वीकृत प्राथमिकता के साथ करें। जिले में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में नियद नेल्लानार एवं दो आकांक्षी ब्लॉक भी शामिल हैं, जहां योजनाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाना है। इसके लिए सभी बैंक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में भी अपनी सहभागिता निभाएं। कलेक्टर ने भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षण कार्यों के प्रगति की जानकारी ली और कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात हितग्राहियों को शतप्रतिशत ऋण की स्वीकृति हो। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों का खाता खोलने एवं बैंक लिंकेज करने, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, जिला व्यापार एव उद्योग केन्द्र तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित स्वरोजगार योजना सहित अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण स्वीकृति एवं वितरण की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही सभी बैंकों से स्वसहायता समूह, एमएसएमई के तहत लघु उद्यम को बढ़ावा देने एवं कृषि संबंधी ऋण स्वीकृति पर ध्यान देने और नए खाताधारकों एवं आधार इनेबल खाताधारकों को डिजिटल बैंकिंग की सुविधा देने के लिए कहा गया।

कार्यक्रम के अंत में शासकीय योजनाओं में अच्छे प्रदर्शन के लिए बेस्ट बैंक श्रेणी की में छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक और आईडीबीआई बैंक तथा बेस्ट ब्रांच मैनेजर की श्रेणी में बैंक ऑफ बड़ौदा चारामा के ब्रांच मैनेजर मोतीलाल पांडा और छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के ब्रांच मैनेजर शशिकांत राजन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुमित अग्रवाल सहित आरबीआई, एसबीआई एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# बीएनएस में अब कुल 358 नवीन धाराएं 175 धाराएं बदलीं और 22 धाराएं खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- नवीन कानूनों पर आयोजित कार्यशाला में दी गई जानकारी




पूरे देश में एक जुलाई 2024 से देश में तीन नए कानून लागू हो गए हैं, जिनमें भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीएसए) 2023 शामिल हैं।

आयोजित कार्यशाला में आईपीएस एएसपी भानुप्रतापपुर संदीप कुमार पटेल ने बताया कि स्वतंत्रता से पूर्व ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1860 में भारतीय दंड संहिता आईपीसी लागू हुई थी। केन्द्र सरकार ने 16 दशक बाद 2023 में व्यापक बदलाव किए हैं, जिसमें सिर्फ धाराएं ही नहीं बदलीं, बल्कि सजा और जुर्माने के प्रावधान में भारी परिवर्तन किए गए हैं। पुराने कानून की बहुचर्चित धाराएं 302 हत्या अब 103, ठगी या धोखाधड़ी 420 अब 318 (4), चोरी 379 अब 303 (2) व दुष्कर्म 376 आईपीसी अब 64 बीएनएस कहलाएंगी। इंडियन पीनल कोड 1860 आईपीसी की जगह अब भारतीय न्याय संहिता 2023 बीएनएस, क्रिमिनल प्रोसीजर कोड सीआरपीसी 1973 की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 बीएनएसएस और इंडियन एविडेंस एक्ट 1872 की जगह भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 लागू हो गई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित नवीन कानूनों का प्रवर्तन विषय पर 11 जुलाई को आयोजित कार्यशाला में आईपीएस एएसपी संदीप कुमार पटेल ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की विभिन्न प्रमुख धाराओं व उप धाराओं के बारे में पीपीटी के माध्यम से बताया। इस अवसर पर डीएसपी जीएस साव ने नए कानून के विभिन्न प्रावधानों पर जानकारी दी। साथ ही कानून के विशेषज्ञ अधिवक्ताओं ने भी नवीन कानून पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बताया गया कि अंग्रेजों के समय के कानून 124 (क) आईपीसी को नए कानून के तहत खत्म कर उसकी जगह देशद्रोह कर दिया गया है। लोकतांत्रिक देश में सरकार की आलोचना कोई भी कर सकता है। मगर किसी ने सशस्त्र विरोध, बम धमाका करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### आईपीसी की 511 धारा अब बीएनएस में 358 धारा

आईपीएस संदीप कुमार पटेल ने बताया कि जुलाई 2024 से सरकार बीएनएस लागू कर दी है। आईपीसी में 511 धाराएं थीं, जबकि बीएनएस में 358 धाराएं है। 175 धाराएं बदल गई हैं, 18 नई जोड़ी गई हैं, साथ ही 22 धाराएं खत्म हो गई है। इसी तरह सीआरपीसी में में 533 धाराएं है, इनमें 160 धाराए बदली गई हैं। नौ नई धारा जोड़कर नौ को खत्म कर दिया गया है। इसमें पूछताछ से ट्रायल तक सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से करने का प्रावधान हो गया है।

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

# ब्लाक शाला प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान



**भानुप्रतापपुर।** विकास खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव ग्राम बोगर मे आयोजित करने के लिए सकुल स्तरीय बैठक विकास खंड शिक्षा अधिकारी एस एस कोमरे की अध्यक्षता मे ग्राम पंचायत बोगर के सरपंच ज्ञानसिह गौर की उपस्थिति मे रखा गया। जिसमे मुख्य रूप से प्राचार्य एचएसएस मुंगवाल टी एस ठाकुर, समन्वयक भेड़िया, बोगर सकुल के सभी प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय ,हायर सेकंडरी, के संस्था प्रमुख प्रवेश उत्सव की तैयारी के संबंध मे विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। है जिसमे विकास खंड के एनएमएमएसई मे चयनित, दसवी, बारहवी बोर्ड के परीक्षा प्रदेश के टाप टेन मे स्थान बनाने वाले ,नवोदय विद्यालय मे चयनित, विकासखंड मे बोर्ड परीक्षा टाप 05 स्थान बनाने वाले छात्र, तथा हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्यो को सम्मानित किया जायेगा, एवम बोगर पंचायत, विनायकपुर पंचायत कामकाज बंद कर पुरी उत्साह पूर्वक विकास खंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव 2024 मे सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिए गए है इस कार्य क्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे नव निर्वाचित सांसद भोजराज नाग होगे।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, [illegible], मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
University Grant Commission | Association of Indian Universities | CG PURC | All Indian Council of Technical Education | BAR Council of India | Pharmacy Council of India
In Collaboration with
RUSHFORD BUSINESS SCHOOL | INDIANA TECH | HENRY HARVIN | SSBM
Association Partner
IIT KHARAGPUR
Associate Training, Learning & Knowledge Partner
Microsoft | MIBIZ CyberForensics | VRIZE | CYBERMOTION | IBM | DigiToad Technologies | Spiders | NASSCOM FOUNDATION | CIALFOR | DIRACERP | Datagami | CODE NICELY | NSDC National Skill Development Corporation | EC-COUNCIL | ACADEMIA PARTNER | Pepcoding | Techment | feasible | tcs iON
Incubation Center
WISE SNDTWU INCUBATION CENTER
iHub Anubhuti-IIITD Foundation
isbmuniversity
isbm_university
ISBM_university
www.isbmuniversity.edu.in
Admission open 2024-25
Apply Now
Advanced Specialization Programmes
▸ Artificial Intelligence (AI),
▸ Machine Learning (ML),
▸ Full Stack Development,
▸ Internet of Things (IoT),
▸ Cyber Security,
▸ UI/UX ,
▸ Digital Marketing,
▸ Data Science,
▸ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D I
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion , Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D I
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com (Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANTIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons) I
MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
+91-91092-44444
+91-91093-33333

